ॐ

वर्ष-9, अंक-18, 16-30 सितम्बर, 2024 (पाक्षिक)

# चाणक्य वार्ता

ISSN 2456-1207

मूल्य : 15 रुपये

कुल पृष्ठ 40


राजभाषा हिन्दी की संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका

## इस अंक में पढ़ें

शांति की दिशा में प्रधानमंत्री के प्रयास सराहनीय, वेदों एवं प्राचीन भारतीय साहित्य में सरस्वती नदी का महत्व, घातक है मंकीपॉक्स, गांधी जयंती पर महात्मा गांधी का स्मरण, क्षमावाणी पर्व का महत्व, हरियाणा में चुनावी दंगल: टाइट है फाइट, जम्मू-कश्मीर में चुनावी जंग, संघ पर प्रतिबंध के कारण, बंपर घोषणाओं के जमाने में, जैन पारिभाषिक शब्दों का पहली बार पढ़ें सरल अर्थ, साथ ही जाने देश-विदेश की महत्वपूर्ण खबरें और सभी स्थायी स्तंभ।



कमज़ोर व्यक्ति को भी अपनी कमज़ोरियों का प्रदर्शन नहीं करना चाहिए—आचार्य चाणक्य




# चाणक्य वार्ता

**सम्पूर्ण अंतरराष्ट्रीय पत्रिका**

वर्ष : 9, अंक : 18, 16-30 सितंबर, 2024







# अनुक्रम


05 सम्पादक के नाम पत्र
06 सम्पादक की कलम से

**राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय**

07 वेदों एवं प्राचीन भारतीय साहित्य में सरस्वती नदी : डॉ. अनिल कुमार गुप्ता
12 लापरवाही बरतने पर घातक हो सकता है मंकीपॉक्स : योगेश कुमार गोयल
14 मानव अधिकारों की संकल्पना गांधी जी के बिना अधूरी : डॉ. रेखा जैन
16 क्षमावाणी पर्व : प्रो. कुलदीप कुमार

**राज्यों से**

17 हरियाणा– हरियाणा का चुनावीं दंगल–टाइट है फाइट?: विशाल शर्मा
20 जम्मू-कश्मीर– वादों-इरादों के बीच जम्मू-कश्मीर में चुनावीं जंग : रमेश गुप्ता
22 पश्चिम बंगाल– दार्जिलिंग न केवल एक भूमि है बल्कि यह एक दर्पण है! : अमोस छेत्री





**नई दिल्ली कार्यालय**
मुख्यालय :
**'सन्निधि', ए-28, मनसाराम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059**
कॉरपोरेट कार्यालय :
**321, तृतीय तल, वर्धमान मॉल, प्लॉट-2, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110077**
सम्पर्क : 09871909808, 08571841127
ई-मेल : chanakyavarta@gmail.com

**उत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**एस.सी.ओ. 24, द्वितीय तल, सेक्टर-11, पंचकूला, हरियाणा-134112**
सम्पर्क : **0172-4672424, 09466988764**

**पूर्वोत्तर क्षेत्र कार्यालय**
**116, कॉमर्स हाउस, एम.जी. रोड, फैंसी बाजार निकट ऐक्सिस बैंक, गुवाहाटी, असम-781001**
सम्पर्क : **09101834214, 9864337619**

**दक्षिण क्षेत्र कार्यालय**
**13, नल्लन्ना मुदली स्ट्रीट, साहुकारपेट, चेन्नई-600 079**
सम्पर्क : **9342302248, 9941245660**



संरक्षक
**डॉ. योगेन्द्र नारॉयण** (पूर्व महासचिव, राज्यसभा)
कुलाधिपति, गढ़वाल विश्वविद्यालय
**लक्ष्मीनारॉयण भाला** (वरिष्ठ साहित्यकार)

परामर्श मंडल
**पद्मश्री डॉ. श्यामसिंह शशि**
(कुलाधिपति, रोमा विश्वविद्यालय)
**वेणुगोपालन** (वरिष्ठ पत्रकार)

सम्पादक मंडल
सम्पादक : **डॉ. अमित जैन**
कार्यकारी सम्पादक : **आर.पी. तोमर**
राजनीतिक सम्पादक : **ओम प्रकाश पाल**
उप सम्पादक : **सारांश कनौजिया**

संस्थापक राष्ट्रीय समन्वयक
**स्व. घनराज भाम्बी**
(वरिष्ठ पत्रकार–रक्षा सेनाएँ एवं अर्द्ध सैनिक बल)

राष्ट्रीय प्रचार-प्रसार प्रभारी
**दिलीप बैनर्जी**, कोलकत्ता

आर्थिक सलाहकार मंडल
**सी.ए. मन्त्रेश्वर कर्ण**
**सी.ए. स्वीटी जैन**

अन्तरराष्ट्रीय सलाहकार मंडल
**धर्मपाल महेन्द्र जैन**, टोरंटो, कनाडा
**कैलाश कंदोई**, सिलीगुड़ी

विधि सलाहकार मंडल
**अंकुर जैन** (अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)
**योगेश कुमार** (चेयरमैन, नेचर व्यू)
**अजय नागर** (स्वतंत्र पत्रकार)

राज्य प्रभारी
उत्तर क्षेत्र प्रभारी—**विशाल शर्मा**, चंडीगढ़
पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रभारी—**राजीव अगस्ती**, गुवाहाटी
दक्षिण क्षेत्र प्रभारी—**नवरतन पींचा जैन**, चेन्नई
पश्चिमी क्षेत्र प्रभारी—**आशा सिंह देवासी**, मुबई
पूर्वी क्षेत्र प्रभारी—**प्रकाश बेताला**, भुवनेश्वर
कर्नाटक प्रभारी—**हर्ष गोयल**, बेंगलुरु
तमिलनाडु प्रभारी—**जे.पी. ललवानी**, चेन्नई
मध्य प्रदेश प्रभारी—**लखनलाल चौरसिया**, भोपाल





## चिंतन


23 गांधी हत्या के बहाने संघ पर प्रतिबन्ध : कृष्णानंद सागर
कांग्रेस और संघ : एक सिंहावलोकन-86
24 आचार्य चाणक्य ने बताया अन्न का महत्व--रमेश जैन


## व्यंग्य


27 बम्पर घोषणाओं के जमाने में : धर्मपाल महेंद्र जैन


## समीक्षा


28 कतिपय जैन पारिभाषिक शब्दों का अर्थ-विवेचन : प्रो० फूलचन्द जैन प्रेमी


## समाचार जगत


31 चाणक्य वार्ता पाक्षिकनामा
32 खबरों में देश-विदेश : सोनम जैन
33 उत्तर भारत की खबरें : विशाल शर्मा/शैलेन्द्र जैन
34 पूर्वोत्तर भारत की खबरें : राजीब अगस्ती/ हुरुई जेलियांग
35 दक्षिण भारत की खबरें : वेद प्रकाश पांडेय/ ईश्वर करुण
36 पश्चिम भारत की खबरें : आशा सिंह देवासी/धीरेन बरोट


## जॉब अलर्ट


37 सरकारी नौकरियों में अवसर : सी.ए. स्वीटी जैन



**देश भर में 'चाणक्य वार्ता' के प्रतिनिधि**

राज्य ब्यूरो चीफ

**धीरेन्द्र मिश्र**, नई दिल्ली
**डॉ. अमर सिंहल**, जयपुर, राजस्थान
**शैलेन्द्र जैन**, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
**अजय भट्ट,** देहरादून, उत्तराखंड
**डॉ. गुलाब सिंह**, यमुना नगर, हरियाणा
**शरद छिब्बर**, चंडीगढ़
**रमेश गुप्ता**, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर
**गुरुवचन सिंह**, शिमला, हिमाचल प्रदेश
**सतीश सिंह**, गुवाहाटी, असम
**डॉ. आलोक सिंह**, शिलांग, मेंघालय
**शुभ्रांशु दाम**, धर्मनगर, त्रिपुरा
**तुंबन रीबा 'लीली'**, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश
**हुरुई जेलियांग**, दीमापुर, नागालैंड
**डॉ. ललमुआनओमा साइलो**, आईजोल, मिजोरम
**किरन कुमार**, इंफाल, मणिपुर
**डॉ. टी.बी. छेत्री**, गंगटोक, सिक्किम
**वेद प्रकाश पाण्डेय**, बेंगलुरु, कर्नाटक
**ईश्वर करुण**, चेन्नई, तमिलनाडु
**जी. गौरीशंकर**, हैदराबाद, तेलंगाना
**उमा महेश्वर रेड्डी**, विजयवाड़ा, आंध्रप्रदेश
**श्रीकांत कण्णन**, पुडुचेरी
**अरुण लक्ष्मण**, तिरुवन्तपुरम, केरल
**सुमन कुमार**, अहमदाबाद, गुजरात
**किशोर आपटे**, मुंबई, महाराष्ट्र
**विनायक भिषे**, सतारा, महाराष्ट्र
**विनोद कुशवाहा**, भोपाल, म.प्र.
**सियानंद मंडल**, पटना, बिहार
**गौतम चौधरी**, राँची, झारखंड
**अशोक नंदी**, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
**राजेन्द्रपाल शर्मा**, पोर्टब्लेयर, अंडमान निकोबार

नेशनल सोशल मीडिया हेड
**हेमन्त उपाध्याय**, जयपुर

नेशनल मार्केटिंग हेड
**धीरेन बरोट**, अहमदाबाद

जिला ब्यूरो चीफ
**अविनाश पाठक**, नागपुर, महाराष्ट्र
**अनमोल जैन**, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
**सुनीता गोस्वामी**, मथुरा, उत्तर प्रदेश
**डॉ. डी.के. अस्थाना**, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
**संजय सक्सेना**, कानपुर, उत्तर प्रदेश
**सोनम जैन**, दिल्ली


**नोट** : देश के कोने-कोने में आप अपने समाचार पत्र हॉकर के माध्यम से घर बैठे 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका मँगा सकते हैं। यदि आपको पत्रिका मिलने में कठिनाई होती है, तो आप 'चाणक्य वार्ता' के मुख्य प्रसार कार्यालय, नई दिल्ली में 08586858185 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा ***chanakyavarta@gmail.com*** पर ई-मेल भी कर सकते हैं।

**प्रसार प्रबंधक**


© सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशित सामग्री के उपयोग के लिए लेखक, प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। प्रकाशित रचनाओं के विचार से 'चाणक्य वार्ता' पत्रिका का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अंतर्गत विचारणीय रहेंगे।



**इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी**, नई दिल्ली का पाक्षिक प्रकाशन

**चाणक्य वार्ता मीडिया प्रा.लि. का उपक्रम**

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अमित जैन के लिए विकास कम्प्यूटर एंड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, लोनी, गाजियाबाद से मुद्रित एवं ए-28, मनसाराम पार्क, नई दिल्ली से प्रकाशित।**

सम्पादक : **अमित जैन।**

वेबसाइट : www.chanakyavarta.com

# सम्पादक के नाम पत्र

**आप सभी पाठकगण पत्रिका में प्रकाशित लेखों पर अपने विचार या कोई सुझाव हमें हमारी ई-मेल आईडी response50123@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्थान की उपलब्धता के अनुसार हम आपके विचारों को शामिल करने का प्रयास करेंगे।**
**—सम्पादक 'चाणक्य वार्ता'**




चाणक्य वार्ता के 1 सितंबर 2024 के अंक में डॉ. अमित जैन ने अपने संपादकीय में लिखा कि इस्लामिक देशों की अशांति से सबक लेने की जरुरत है। डॉ. जैन ने लिखा है कि बांग्लादेश, पाकिस्तान व अफगानिस्तान में होने वाली समस्याएं भी भारत से बाहर निकलने के बाद ही शुरू हुईं। इसके अलावा उन्होंने कुछ अन्य मुस्लिम देशों का नाम भी लिखा। पत्रिका के संपादक ने कुछ अन्य देशों में कट्टरपंथियों के कारण होने वाली समस्याओं के बारे में भी ध्यान दिलाया। इसी संपादकीय में उन्होंने भारत के राज्यों में हुए जनसंख्यात्मक बदलावों पर भी चिंता व्यक्त की। जब हम स्वयं को सर्वश्रेष्ठ समझने लगते हैं, तब टकराव होता ही है।

**डॉ. ओम विश्वकर्मा**
**वाराणसी, उ.प्र.**

चाणक्य वार्ता में डॉ. रेखा जैन ने अपने लेख में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की पहली सीढ़ी बताया। मेरा मानना है कि यदि शिक्षा प्रदान करते समय उसका मुख्य उद्देश्य रोजगार होगा, तो उससे राष्ट्र निर्माण नहीं हो सकता। इसके लिए प्रारंभ से ही राष्ट्र निर्माण को ध्यान में रखते हुए शिक्षा दी जानी चाहिए। रोजगार या व्यवसाय को ध्यान में रखते हुए भी शिक्षा देना आवश्यक है। लेकिन सिर्फ वही उसकी प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण के अनुसार बनाने का प्रयास किया गया है। लेकिन अभी इसमें बहुत कुछ और किए जाने की आवश्यकता है।

**जयशंकर मीणा**
**भरतपुर, राजस्थान**

चाणक्य वार्ता में डॉ. दीपक कोहली का बायोरॉक तकनीक पर लिखा गया लेख पढ़ा। चट्टानों से जुड़ी यह जानकारी मेरे लिए नई थी। जितनी मेरी समझ है, उसके अनुसार इस तकनीक से मानव जीवन से जुड़े बहुत से अनसुलझे राज सबके सामने आ सकेंगे। बायोरॉक तकनीक और समुद्री जीवन से जुड़ी जो जानकारियां डॉ. कोहली ने हम पाठकों को दी हैं, वो मेरे साथ ही अन्य के लिए भी लाभप्रद सिद्ध होंगी। प्रदूषण एक बड़ी समस्या है। लेखक ने बताया कि बायोरॉक तकनीक से इसका भी हल निकाला जा सकता है।

**पंकज खांडेकर**
**पुणे, महाराष्ट्र**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद हत्या पर आर.पी तोमर का लेख पढ़ा। महिलाओं और डॉक्टरों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हम सभी का दायित्व है। क्योंकि कानून-व्यवस्था राज्य सरकार का विषय है, इसलिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इस बारे में विशेष ध्यान रखना चाहिए था। अब यह मामला सीबीआई के हाथ में है। इसमें ईडी भी शामिल हो चुकी है। इस घटना के बाद संपूर्ण देश के डॉक्टर्स के मन में बहुत पीड़ा है और वह प्रदर्शन के माध्यम से इसको व्यक्त भी कर रहे हैं। भारत की राष्ट्रपति द्वारा इस संबंध में एक विशेष वक्तव्य जारी करना भी बहुत महत्वपूर्ण है उन्होंने अपनी पीड़ा अपने वक्तव्य के माध्यम से प्रस्तुत की। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जल्द ही कोई मजबूत कानून बनाना होगा।

**संतोष ठाकुर**
**मंडी, हिमाचल प्रदेश**

हिन्दू विधि से अंतिम संस्कार की प्रचलित विधि पर प्रश्न उठाता एस.के. कुमार का लेख चाणक्य वार्ता में पढ़ा। ऐसा क्यों होता है कि हमें होली पर पानी की बर्बादी, दीपावली पर वायु प्रदूषण और ऐसे ही विभिन्न हिन्दू पर्वों से जुड़ी परंपराओं में समस्या नजर आने लगती है। मैंने आज तक बकरीद में पशु क्रूरता के खिलाफ चलाए गये किसी अभियान के बारे में नहीं सुना या पढ़ा। यद्यपि मैं लेखक की इस चिंता से सहमत हूं कि वृक्षों को बचाना हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए यदि हिन्दू परंपराओं को ध्यान में रखते हुए कोई बीच का रास्ता निकाला जा सकता है, तो अच्छा रहेगा।

**सनी सिंह**
**अमृतसर, पंजाब**

चाणक्य वार्ता में हेमंत उपाध्याय का पेरिस पैरालंपिक खेलों पर लेख पढ़ा। इस बार हमारे देश ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। हम सभी भारतवासियों को पेरिस ओलंपिक में भारतीय प्रदर्शन से जो निराशा हुई थी, उसे पैरालंपिक में प्रदर्शन से हमारे खिलाड़ियों ने दूर कर दी और हम सभी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इसी लेख में लेखक ने मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार का भी जिक्र किया। लेखक द्वारा दी गई यह जानकारी अत्यंत लाभप्रद है।

**डॉ. अमर सिंघल**
**जयपुर, राजस्थान**

चाणक्य वार्ता के 1 सितंबर अंक में हरियाणा विधानसभा चुनाव पर विशाल शर्मा का लेख पढ़ा। लेखक ने अपने लेख में लिखा है कि भाजपा हरियाणा विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत सकती है। इसके लिए उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा किये गए कई कार्यों को गिनाया है। मुझे भी लगता है कि एमएसपी कानून सहित इस सरकार ने कई ऐसे कार्य किए हैं, जो उनकी स्थिति को मजबूत करती है। पिछली बार भाजपा ने हरियाणा में गठबंधन सरकार बनाई थी। इस बार वो इस विधानसभा चुनाव में किसी भी बड़े दल के बिना मैदान में है। इस कारण उसकी राह आसान नहीं होगी। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मुख्यमंत्री बदल कर सत्ता विरोधी वातावरण को कम करने का प्रयास किया, जिससे उसे लाभ मिल सकता है।

**सीमा परिहार**
**भोपाल, मध्य प्रदेश**

चाणक्य वार्ता के 1 सितंबर के अंक में हिमंत बिस्वा सरमा के भाषणों पर आधारित राजीब अगस्ती का लेख पढ़ा। सरमा ने अपने इन भाषणों में प्रमुख रूप से असम में मुस्लिमों से जुड़े कुछ प्रश्नों के उत्तर दिये। जैसे अब असम के मुसलमानों का विवाह भी अन्य सम्प्रदायों की तरह ही करना होगा। असम के मुख्यमंत्री पर एक पक्ष (हिन्दुओं) का ही साथ देने का आरोप लगता रहा है। लेखक के लेख से जानकारी मिली कि उन्हें इस आरोप से कोई दिक्कत नहीं है। श्री सरमा अपने कई भाषणों में कह चुके हैं कि वो मुस्लिम विरोधी नहीं, बल्कि तुष्टीकरण विरोधी हैं।

**रविशंकर शुक्ल**
**बेंगलुरु, कर्नाटक**